सांध्य दैनिक

गणेशचतुर्थी की शुभकामनाएं...

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 56 | इंदौर, शनिवार 07 सितंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


















हे विनायक! कृपा करें!
हे विघ्नहर्ता! हमारे मन वचन कर्म को
असन्तुलित करने वाले विघ्नों का हरण करें।
हे गणेश! आपको हमारा कोटि-कोटि नमन।






# शिक्षक भी एक सामाजिक प्राणी है : कुलपति रेणु जैन

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। शिक्षक समाज को जहाँ मार्ग दिखाता है वहीं विद्यार्थियों के भविष्य का भी निर्धारण करता है। आधुनिक परिवेश में शिक्षा का महत्व निरंतर बढ़ता ही जा रहा है तो शिक्षकों के प्रति अभिभावकों एवं छात्रों की सहिष्णुता कम होती जा रही है। शिक्षक भी इसी समाज का एक अंग है, वह भी सामाजिक प्राणी ही है। उक्त उद्गार देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. रेणु जैन ने शिक्षक दिवस सम्मान समारोह के अवसर पर व्यक्त किए।**

आपने कहा कि समाज को अब भी यह विश्वास रखना होगा कि शिक्षक बच्चों के भविष्य के लिए ही कोई भी कदम उठाता है। प्रत्येक शिक्षक की यही भावना रहती है कि उसका विद्यार्थी जीवन में सदैव प्रगति करता रहे। आपने कहा कि नेताओं के सम्मान तो आजकल आम हो गए हैं लेकिन रोटरी जैसा अंतरराष्ट्रीय संगठन 'उत्कृष्ठ शिक्षक सम्मान' जैसे आयोजनों को आयोजित कर जहाँ शिक्षकों को सम्मानित कर रहा है, वहीं सभ्य समाज को यह भी संदेश देता है कि आज भी शिक्षकों की भूमिका भविष्य निर्माण के लिए आवश्यक है।



रोटरी क्लब ऑफ इन्दौर मार्शल्स द्वारा 5 सितम्बर 2024 को शिक्षक दिवस के अवसर पर अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्रीमती रेणु जैन (कुलपति देवी अहिल्या विश्वविद्यालय), डॉ. संगीता विनायका, प्रो. धनंजय गोगटे, डॉ. संजय मालवी, श्रीमती रूचि गुप्ता, श्रीमती लीना बाजपेयी, श्रीमती दीप्ति गुप्ता, श्रीमती सोनाली गीद, डॉ. अपेक्षा श्रॉफ, श्रीमती दिव्या डॉवर, श्रीमती नीना मालवी, श्रीमती नीलम गोगटे को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रोटरी अंतरराष्ट्रीय मंडल 3040 की लिटरेसी चेयरपर्सन श्रीमती रेणु सिंह ने भी इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए आह्वान किया कि हैप्पी स्कूल के माध्यम से रोटरी समाज के उस वर्ग को भी वह सभी आधुनिक सुविधाएँ देना चाहता है जो इन सुविधाओं से वंचित है। विशेष रूप से सुदूर ग्रामीण अंचलों के विद्यालय एवं विद्यार्थी को इन सुविधाओं की सबसे ज्यादा आवश्यकता है। हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं कि मध्यप्रदेश के प्रत्येक गांव में कम से कम एक आधुनिक विद्यालय की स्थापना की जाए, जिसमें सम्पूर्ण आधुनिकतम् शिक्षा सुविधा उपलब्ध हो।

प्रारंभ में रोटरी क्लब ऑफ इन्दौर मार्शल्स के अध्यक्ष अजय जैन ने स्वागत भाषण दिया। अतिथि स्वागत श्रीमती बिंदु राठी, श्रीमती निर्मला गोयल, श्रीमती लता सिंगी, श्रीमती रेणु रिझवानी, श्री विक्रम यादव, श्री नितेश गुप्ता ने किया। सम्मानित शिक्षकों का परिचय श्रीमती चेतना मेहता, श्रीमती रेखा जैन, श्री जी.पी. गोयन, श्री प्रशांत गोयल, श्री कैलाश रिझवानी, श्री रूपेश राठौर ने दिया। रोटरी चतुर्विद् मंत्र का वाचन हेमंत शुक्ला ने किया। आभार सचिव सुनील ओझा ने माना।

## गणेशोत्सव में वैध कनेक्शन से ही बिजली उपयोग हो

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 7 सितंबर से प्रारंभ हो रहे गणेशोत्सव के आयोजकों से उत्सव में वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली उपयोग की अपील की है। बिजली कंपनी ने कहा कि कनेक्शन वैध लिया जाए। तार पर हुकिंग कर सीधे बिजली उपयोग में नहीं ले, यह बहुत ही खतरनाक होता है। साथ ही उत्सव, बारिश के दौरान अतिरिक्त सतर्कता भी बरती जाएं। जमीन पर कोई खुला तार न खा जाए। उत्सव आयोजक कटे, टूटे तारों के पांडाल व कार्यक्रम स्थल पर उपयोग से बचे। सुरक्षा और सावधानियों पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि अप्रिय स्थिति निर्मित न हो। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने कहा कि उत्सव खुशी, उमंग के निमित्त होते है, उत्सवों पर आयोजक बिजली के वैध कनेक्शन लेकर कार्य करे एवं सावधानियों, सुरक्षा मापदंडों का पालन करे, ताकि उत्सव में विपरीत स्थिति निर्मित नहीं हो। बिजली संबंधी किसी भी मदद या कोई सूचना के लिए केंद्रीयकृत कॉल सेंटर 1912 या बिजली वितरण जोन, वितरण केंद्र प्रभारी से संपर्क कर सकते हैं।

## बच्चों ने मिट्टी से बनाई गणेशजी की मूर्तिया

**इंदौर।** मीनाक्षी सेवा समिति के तत्वावधान में एरोड्रम क्षेत्र स्थित शिक्षक नगर में गणपति बप्पा की मूर्ति बनाने की कार्यशाला आयोजित की गई। समिति के अध्यक्ष बलराम सोनी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन को ध्यान में रखकर यह कार्यशाला आयोजित की गई थी। इसमें लगभग 35 बच्चों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया। मीनाक्षी सेवा समिति की सचिव निशा पंडित ने बताया कि इस तरह. की कार्यशाला पिछले तीन वर्षों से आयोजित करते आ रहे हैं और आगे भी इसी तरह आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में बच्चों को मिट्टी और प्राकृतिक पूजन सामग्री से पर्यावरण संरक्षण को विस्तार से समझाया।

### कटाक्ष




© www.detectivegroupreport.com

# एयरपोर्ट की जमीन पर बन रहे थे मकान , निगम ने 10 निर्माण तोड़े

### सुबह ही सुबह प्रशासन, निगम और पुलिस की संयुक्त मुहिम चली

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। **गुरुवार को सुबह ही सुबह सिरपुर क्षेत्र में जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस की टीम ने संयुक्त रुप से औभियान चलाते हुए 10 निर्माणाधीन मकान तोड़े। ये सभी एयरपोर्ट की जमीन पर बन रहे थे। इस जमीन पर एयरपोर्ट का विस्तार होना है। निगम की टीम ने सुबह निमार्णाधीन मकानों पर बुलडोजर चलाकर जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त की।**

सिरपुर क्षेत्र में एयरपोर्ट की बड़ी बिलावली के पास में केशव विहार कॉलोनी के नाम से एक कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा था। इस कालोनी के कॉलोनाइजर के द्वारा बिना कोई अनुमति प्राप्त कॉलोनी में प्लाट काट दिए थे। प्लाट खरीदने वाले लोगों के द्वारा अपने प्लॉट पर मकान बनाने का काम भी शुरु कर दिया गया था।

कॉलोनी में करीब 10 प्लाट पर मकान बनाने का काम चल रहा था। निगम की रिमूवल के द्वारा इन सभी निर्मित किए जा रहे मकानों तोड़ने की कार्यवाई को अंजाम दिया गया। अधिकारियों ने बताया की कब वारीत कोई के बालम भरे में तो कोई मकान हर तक बना था। ऐसे सारे निर्माण की प्रक्रिया से गुजर रहे कानों को तोड़ दिया गया। अधिकारियों जिस जमीन पर यह कॉलोनी विकसित की जा रही है वह जमीन इंदौर एयरपोर्ट के विस्तार के क्षेत्र में शामिल है। ऐसे में इस जमीन पर कॉलोनी का विकास नहीं किया जा सकता है। इस स्थिति में इस अवैध कालोनी के खिलाफ यह कार्रवाई की गई।

टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन एवं इंदौर सीए शाखा का सेमिनार

## कर विवाद निपटाने में मिल का पत्थर साबित होगी डिस्प्यूट रिसोल्यूशन स्कीम

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। **टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन एवं इंदौर सीए शाखा द्वारा आयकर विवादों को कम करने की नई ह्लडिस्प्यूट रिसोल्यूशन स्कीमह्व एवं टीडीएस के प्रावधानों पर टीपीए हॉल में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसे आयकर संयुक्त आयुक्त संजीव कुमार (आईआरएस) एवं सीए राजेश मेहता ने संबोधित किया'**

टीपीए प्रेसिडेंट सीए जेपी सराफ ने कहा कि विभाग कर विवादों को कम करने के लिए एक अच्छी स्कीम लाया है। डिस्प्यूट रिसोल्यूशन स्कीम कमिश्नर अपील स्तर के कर विवादों को कम करने में मिल का पत्थर साबित होगी' टीपीए के मानद सचिव सीए (डॉ.) अभय शर्मा ने कहा कि यह इंदौर रीजन में कमिश्नर अपील के समक्ष हजारों अपील पेंडिंग हैं, करोड़ों की डिस्प्यूटेड टैक्स डिमांड पेंडिंग है तथा जबसे कमिश्नर अपील का पूरा प्रशासन फेसलेस हुआ है तबसे बहुत कम केस कमिश्नर अपील के द्वारा फाइनल किए गए हैं। इससे करदाता तथा विभाग दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है' ऐसी स्थिति में विभाग द्वारा यह स्कीम लाई गई है जिसका फायदा अधिक से अधिक संख्या में लिया जाना चाहिए'

**टीडीएस का मुख्य उद्देश्य टैक्स कलेक्शन नहीं-** आयकर संयुक्त आयुक्त संजीव कुमार ने कहा कि आयकर टीडीएस का मुख्य उद्देश्य टैक्स कलेक्शन नहीं है' टीडीएस के द्वारा विभाग को करदाता के महत्वपूर्ण वित्तीय व्यवहारों की जानकारी रियल टाइम मेनर में मिल जाती है, जिससे कर प्रशासन में बड़ी सहायता मिलती है ' उन्होंने कहा कि छोटे शहरों में आज भी अज्ञानता या लापरवाही के कारण टीडीएस प्रावधानों का पालन नहीं कर पाते हैं, जिससे उन्हें पेनल्टी तथा कई दशा में प्रॉसिक्यूशन जैसी कठोर कार्रवाई का सामना करना पड़ता है ' उन्होंने कहा कि किसी भी वित्तीय संव्यवहार को करने से पहले अपने सीए या कर सलाहकार से विमर्श करने के उपरांत ही व्यवहार करें, ताकि बाद में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े '

## ईको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया

**इंदौर।** गणेशोत्सव में इको फ्रेंडली माटी की गणेश प्रतिमा स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन देने हेतु पिंकी मौर्य एवं माया हार्डिया ने मुराई मौर्य समाज क्षेत्र-8 की अध्यक्ष चित्रा हार्डिया एवं संरक्षक सुरेंद्र मौर्य के सानिध्य में ईको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा की कार्यशाला आयोजित कर बनाने का प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में गंगा वर्मा, संगीता मौर्य, सरिता हार्डिया, पप्पी हार्डिया, मुक्ता मौर्य, नवनीता वर्मा, पुष्पा वर्मा, सुमन वर्मा, सुनीता हार्डिया, आभा हार्डिया सहित कई प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित हुए।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ एवं सुविधा केन्द्र का उद्घाटन

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। प्रवाह संस्था अन्तर्गत गठित स्व सहायता समुहो की बहनो के साथ व्यवसायिक टेलरिंग (रेडीमेड) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ एवं सामान्य सुविधा केन्द्र का उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन धर्मशाला तहसील सावेंर जिला इन्दौर में किया गया जो कि राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) इन्दौर द्वारा प्रायोजित अजीविका उद्यमिता विकास परियोजना अन्तर्गत व्यवसायिक टेलरिंग (रेडीमेड) प्रशिक्षण कार्यकम मे स्व सहायता समुहो की 90 बहनो को प्रशिक्षित किया जावेगा। इस कार्यक्रम में सुनिल चाका एलडीएम बैंक ऑफ इंडिया इन्दौर के मख्य आतिथ्य एवं नागेश चौरसिया डी डी एम नाबार्ड इन्दौर के विशेष आतिथ्य में समपन्न हुआ । श्रीमती दीपिका सिंह चौहान सचिव प्रवाह संस्था एवं श्रीमती सोनिकासिंह द्वारा मंच संचालित किया गया प्रशिक्षक श्री राधेश्याम परमारे शामिल योजना है।कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती रेशमा तायवाडे, सामुदायि सांगठनिका श्रीमती राधा चौहान, मंजु परमार, दीपिका चौहान, नंदनी तिवारी, संदीप राठौर एवं अरुण सुसनेरीया के सहयोग के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया ।श्रीमती सोनिकासिंह द्वारा आभार प्रेषित किया गया ।

# 55 वर्षीय महिला से दुष्कर्म

## घर में घुस कर दिया घटना को अंजाम
## आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पीथमपुर के सागोर थाना क्षेत्र के राती खेड़ा गांव में एक 55 वर्षीय महिला से दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसमें आरोपी ने घर में जबरदस्ती घुस कर महिला से जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए और यह बात किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना उस समय घटी जब महिला घर में अकेली थी।**



उपनिरीक्षक अजीत सिंह पवार ने बताया कि 55 वर्षीय पीडित ने थाने पर हाजिर होकर रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि राति खेड़ा में पीडिता के घर के पास रहने वाले इंदर सिंह पिता हीरालाल ने उसके साथ दुष्कर्म किया जब वह घर पर अकेली थी। आरोपी जाते जाते धमकी भी दी की अगर यह बात किसी को बताई तो जान से मार देगा।

जिसके बाद पीडित ने यह घटना अपने पति को बताई। पुलिस ने पीडित के कथनों के आधार पर आरोपी इंदर सिंह के खिलाफ 376,376/2,351/2 सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# युवक की मौत, पुलिस ने जांच शुरू की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पीथमपुर सेक्टर एक थानाक्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड कालोनी में 29 वर्षीय युवक की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने युवक का पीएम करवाया व जांच शुरू की। सउनि दीपक पवार ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड कालोनी में किराए से रहने वाले आकाश पिता शेर सिंह चौहान की मौत हो गई। परिजनों ने थाने में इसकी सूचना दी व बताया कि वह रात में खाना खाकर सोया व सुबह मृत अवस्था में मिला। जिस पर पुलिस ने युवक का पीएम करवाया। अब पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत का कारण पता चल सकेगा।

# छात्रों के बीच विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक स्कूल में मामूली विवाद पर छात्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक क्लास में शोर होने पर पढ़ने में छात्र को डिस्टर्ब हो रहा था। उसने आपत्ति ली थी। बाद में आरोपी छात्र आपने भाई के साथ वापस स्कूल आया और गाली दी, मारपीट की।

हीरानगर थाना पुलिस ने ब्रिलियंट एकेडमी स्कूल के छात्र की शिकायत पर दो लडकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जिसमें से एक लडका उसी के साथ क्लास में पढ़ता है। पीडित छात्र ने पुलिस को बताया कि वो क्लास में पढ़ाई कर रहा था। तभी साथ में पढ़ने वाला एक अन्य लडका जोर-जोर से बातें कर रहा था।लडके को टोका और कहा कि शोर मत करो पढ़ने में डिस्टर्ब हो रहा है। इसी बात को लेकर लडका अपने भाई को लेकर करीब 12 बजे स्कूल आया और सुबह हुए विवाद को लेकर पीडित छात्र को गाली देने लगा। मना करने पर डंडे से कंधे पर मारा। पीडित छात्र नीचे गिर गया। आरोपी छात्र ने पास पड़े पत्थर से सिर पर मारा। जिससे खून निकलने लगा। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी छात्र और उसके भाई दोनों निवासी खातीपुरा के खिलाफ केस दर्ज किया।

# पंचायत सचिव से मारपीट करने वाले तीन पर केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** महू की ग्राम पंचायत अवलाय में पंचायत सचिव के साथ मारपीट की घटना हुई। पुलिस ने मारपीट करने वाले तीन पर केस दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को अवलाय पंचायत में काम कर रहे सचिव जगदीश चौधरी के साथ नांदेड़ के सुमित ठाकुर, पिन्टू ठाकुर और हरिओम ठाकुर ने जबरन पंचायत भवन में घुसकर मारपीट की। जिसके बाद पुलिस ने पंचायत सचिव की शिकायत पर सुमित, पिंटू और हरिओम के खिलाफ शासकीय कार्य मे बाधा ओर मारपीट का केस दर्ज किया। इधर नांदेड़ निवासी एक महिला ने भी सचिव के खिलाफ अभद्र भाषा का उपयोग करने पर शिकायत आवेदन थाने में दिया। मामले में पुलिस जांच कर रही है।



# आज से महाकाल की नगरी में गूजेंगा जय गजानन, जयश्री गणेश

## गणेश चतुर्थी पर बन रहे शुभ योग का मिलेगा लाभ, घर आएंगी खुशियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन,निप्र।** देवों में प्रथम पूज्यनीय भगवान श्रीगणेश की आज से दस दिन के लिए घर-घर में विराजित होंगे। इसी के साथ ही गणेशोत्सव का शुभारंभ होगा। बाजार में मंगलमूर्ति की आकर्षक प्रतिमाएं लोगों को आकर्षित कर रही है। बाजार में पीओपी के साथ ही मिट्टी की प्रतिमाएं भी मिल रही हैं,हालांकि इस साल मिट्टी की प्रतिमा को लेकर लोगों में जागरूकता देखी गई है। शहर में कई सार्वजनिक मंडल भी गणेशजी की बड़ी प्रतिमाएं स्थापित करेंगे। ज्योतिषियों के अनुसार शनिवार को ब्रह्म योग रवि योग में श्री गणेश विराजमान होने आ रहे है। इस शुभ योग का मिलेगा विशेष लाभ घर में आएंगी खुशियां। बाजार में कोयला फाटक,गोपाल मंदिर,फ्रीगंज में श्रीगणेश की प्रतिमाओं का विक्रय किया जा रहा हैं। बाजार में पूजन सामग्री के साथ ही गणेशजी के पाने,दुर्वा,मोतियों के कृत्रिम मालाएँ आदि की भी खरीदी हो रही हैं। घरों में गणेश प्रतिमाओं के स्थापना की तैयारियाँ पूर्ण हो गई है। भगवान श्री गणेश को मोदक व लड्डू प्रिय है इसलिए इनकी खरीदी अधिक हो रही हैं। गुरूवार को गणेश चतुर्थी के साथ ही 10 दिवसीय गणेशोत्सव का आगाज हो जाएगा। शहर के प्रसिद्ध गणेश मंदिरों को भी आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया हैं।

# ये मोमोज मत खाए, पैरों से कुचल रहा हैं मैदा

## दुकान संचालक गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर ,(एजेंसी)।** आप अगर भी मोमोज खाने के शौकीन तो ये खबर आपके लिए बहुत जरूरी हैं, क्योंकि हो सकता हैं आप जो मोमोज खा रहें हैं वह भी हो सकता हैं इस तरह से तैयार हो रहा हो। हाल ही में सोशल मीडिया में एक विडियो वायरल हो रहा हैं जो कि जबलपुर के बरगी का बताया जा रहा हैं। विडियो वायरल होने के बाद ़्रि पुलिस ने कारवाही करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार करते हुए उनके खिलाफ खाद्य अधिनियम के तहत कार्रवाही की हैं। जबलपुर के बरगी के पास का एक विडियो कुछ दिनों से लगातार वायरल हो रहा है जहां मोमोज की दुकान लगाने वाले दुकान संचालक पैरों से मैदा गूथ रहा है। दुकान संचालक राजकुमार गोस्वामी मोमोज बनाने वाले मैदे को पैरों से गूथता हुआ नजर आ रहा है। वीडियो सामने आने के बाद बरगी के कुछ युवाओं ने सरपंच के साथ मिलकर बरगी थाने में दुकान संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। राजकुमार गोस्वामी की बरगी के उपतहसील कार्यालय के सामने खाटू श्याम नाम से मोमोज की दुकान है और बड़ी संख्या में लोग मोमोज खाने आते हैं। राजकुमार दुकान संचालक द्वारा पैर से मैदा गूथते हुए वीडियो सामने आने के बाद अब लोगों में भारी आक्रोश देखने मिला। राजस्थान का रहने वाला राजकुमार पिछले तीन चार सालों से बरगी में एक किराए के मकान में रहता है और मोमोज की दुकान चलाता है। राजकुमार द्वारा पैरों से मैदा गूथते का वीडियो किसी ने बनाकर वायरल कर दिया। वहीं लोगों की शिकायत के बाद अब बरगी पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर राजकुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

# जेल में बंदी की तबीयत बिगड़ने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन,निप्र।** केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में निरूद्ध बंदी सीताराम पिता नानूराम की 4 सितम्बर को तबीयत खराब होने के कारण जेल चिकित्सक के परामर्श अनुसार जिला अस्पताल उज्जैन में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा था। उपचार के दौरान बंदी को 5 सितम्बर को जिला चिकित्सालय के चिकित्सक द्वारा एमव्हायएच इंदौर रैफर किया गया। चिकित्सा विशेषज्ञ द्वारा बंदी को इंदौर एमव्हायएच में उपचार दिया जा रहा था। इस दौरान उक्त बंदी की मृत्यु हो गई। मृत्यु की सूचना जिला दंडाधिकारी जिला इंदौर, पुलिस अधीक्षक इंदौर, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी इंदौर, जेल मुख्यालय भोपाल, मानव अधिकार आयोग भोपाल,राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग नईदिल्ली तथा मृतक के परिजनों को दी गई।

## सोयाबीन को नुकसान पहुंचाया

# खटिया पर 2 करोड़ 12 लाख रुपए देने की चिट्ठी लिखकर चले गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नागदा-जंक्शन, (निप्र)। गांव पिपलिया सीस में बीती रात रिछा गुर्जर निवासी युवक एक मकान में आग लगा दी, दो बीघा की सोयाबीन को उखाडकर फेंक दिया, खेत पर रखी खाट की रस्सी को तलवारों से काट दिया और खाट पर एक चिट्ठी लटकाकर चले गए, जिस पर 2 करोड़ 12 लाख रुपए देने की मांग की गई।**

गांव पिपाल्यासीस निवासी मनोहर उर्फ मन्नु पिता कमलसिंह गुर्जर लगभग दो वर्ष पूर्व नातरा लेकर आया था, जिसके लेन देने के विवाद के चलते गोपाल पिता अंदरसिंह गुर्जर निवासी रिछा गुर्जर ने बीती रात अपने साथियों के साथ पहुंचकर किशोर पिता शंकरलाल राठौर के मकान में आग लगा दी।आगजनी के कारण मकान में रखा भुसा जल गया, ग्रामीणों ने मवेशियों को बचा, लेकिन गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। सूचना मिलने पर नगरपालिका की फायरब्रिग्रेड मौके पर पहुंची, लेकिन पाईप छोटा पडने से आग नहीं बुझा सकी। खेत में दवाई छिडकने की संयंत्र से आग को नियंत्रित किया परिणाम स्वरूप लगभग 25 हजार रुपए का भुसा जलकर नष्ट हो गया। गोपाल और उसके साथियों ने एक बीघा की सोयाबीन को उखाडकर फेंक दिया। घटना की जानकारी लगते ही रात्रि में डायल-100 के प्रमोद गोलावत आदि मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने रोहित पिता शंकरलाल राठौर की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया। मनोहर ने बिरलाग्राम पुलिस को बताया कि दो बार पहले भी गोपाल और उसके साथियों ने गांव के अन्य मकान में वारदात को अंजाम दिया था, जिसका प्रकरण पुलिस थाने में दर्ज है गोपाल इस मामले में जेल भी जा चूका है। मनोहर के अनुसार नातरा लाने के बाद गांव की पंचायत झगड़ा (एक तरह की दंड) निपटाने के लिए जुमार्ना तय करती है क्षेत्र की पंचायत ने दो लाख रुपए दंड तय किया है जिसको मनोहर के परिजन देने के लिए तैयार है, लेकिन गोपाल 2 करोड़ 12 लाख रुपए की मांग कर रहा है जो अनुचित है।

### इनका कहना है

शिकायत मिली है मामले की जांच की जा रही है।

**-अमित सारस्वत, टीआई बिरलाग्राम**

# 50 अवैध गुमटियां एवं अस्थाई अतिक्रमण हटाया

**गुना, (निप्र)।** कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं अपर कलेक्टर गुना के मार्गदर्शन में शहर के अवैध अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही सतत जारी है। इसी क्रम में आवागमन की सुविधा को सुगम बनाने की दृष्टि से आज जिला चिकित्सालय गेट से सदर बाजार तक कोतवाली गली का 50 अवैध गुमटियां एवं अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया। जिससे आने वाले समय मे एम्बुलेंस एवं मरीजों के वाहनों के आवागमन आसान हो सकेगा। इस दौरान तहसीलदार गुना नगरीय जीएस बैरवा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गुना तेजसिंह यादव, थाना प्रभारी ब्रजमोहन सिंह, एस.डी.आर.एफ. की टीम सहित पुलिस बल, नगरपालिका का अमला उपस्थित रहा।

# चोर गिरोह पकड़ाया, 30 क्विंटल तार चोरी करना स्वीकारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**विदिशा,(निप्र)।** जिले की सिरोंज जनपद पंचायत की दीपनाखेडा थाना पुलिस ने तार चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ा है। 4 लोगों ने 15 जगहों से 30 क्विंटल तार चोरी करना कबूला है। हाल ही में उन्होंने प्यारखेड़ी में 16 बिजली के पोल से तारों की चोरी की थी। जब थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज की गई तो सूचना मिलते ही पुलिस ने इन पर धरपकड़ा की कार्रवाई की है।

ताजा मामला 31 अगस्त का है। प्यारखेड़ी खेतों में इन चोरों ने 16 बिजली के पोल से करीब 1 लाख 22 हजार के तार चुराए। थाने में बुधवार को यह मामला दर्ज हुआ।

इस मामले में पुलिस ने साइबर सेल की मदद से महू निवासी 24 वर्षीय युसूफ खान पिता शेर अली खान, महू निवासी 26 वर्षीय सलमान खान पिता सुल्तान खान, खानपुर निवासी 32 वर्षीय लेखराज पिता मेहरबान सिंह यादव, महू निवासी 26 वर्षीय सईम खान पिता भूर खान को गिरफ्तार किया है। दीपनाखेड़ा पुलिस ने इस कार्रवाई में साइबर सेल, नटरन और करारिया पुलिस की भी मदद ली।

### 30 क्विंटल से अधिक तार कर चुके चोरी

दीपनाखेड़ा थाना प्रभारी अनुज प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों को देव खजूरी के पास सेंट्रो कार सहित पकड़ा। उनसे पूछताछ के बाद चारों ने अपना जुर्म कबूला। उन्होंने अपने पुराने अपराध भी बताए जिनमें उन्होंने कुरवाई, नटेरन, पथरिया, बहादुरपुर सहित 15 अलग-अलग जगहों से 30 क्विंटल से अधिक का तार चोरी करना बताया।

### कोर्ट ने दो अन्य आरोपियों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

आरोपियों ने चोरी का तार देहरी निवासी साकिब खान (25) पिता मुन्ने खान, सिरोंज कोर्ट गेट निवासी सगीर कुरैशी(38) पिता अब्दुल रशीद कुरैशी को बेचना बताया था। इस पर न्यायालय ने पुलिस को इन दोनों व्यक्तियों को आरोपी बनाकर सभी 06 आरोपियों जेल भेज भेजने कहा।

# सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत के बाद हंगामा, चक्काजाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नागदा-जंक्शन ,(निप्र)।** शुक्रवार की सुबह करीब 9:00 बजे के दरमियान नागदा के समय पर गांव बेरिया खेड़ी में एक तेज रफ्तार ट्राले ने एक वृद्ध को अपनी चपेट में लेते हुए करीब 200 फीट तक घिसता हुआ चला गया । उक्त घटना को लेकर ग्राम बेरिया खेडी के लोगों ने चक्का जाम कर दिया । जिसे खुलवाने के लिए तीन थानों के पुलिस को मौके पर पहुंचना पड़ा । बाद में परिजनों एवम नाराज लोगों समझकरक चक्का जाम खुलवाया तथा जो हितलाभ मृतक के परिवार को देने की बात खाचरोद एसडीएम द्वारा कही गई । संबंधित मामले में बिरला ग्राम पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है तथा मामला जांच में लिया गया है ।

मिली जानकारी के मुताबिक सुबह 9:00 बजे के दरमियान गुजरात की ओर से एक ट्राला पल्प भरकर नागदा स्थित ग्रासिम उद्योग में खाली होने के लिए आ रहा था । गांव बेरिया खेड़ी में तेज रफ्तार की वजह से उक्त ट्राले की चपेट में इस गांव का रहने वाला एक वृद्ध आ गया । जिसकी मौके पर ही मौत हो गई थी । इस घटना की खबर लगते ही संपूर्ण गांव के नागरिक सडक पर जमा हो गए तथा चक्काजाम कर दिया जिसके कारण करीब एक से डेढ़ घंटे तक नागदा जावरा मार्ग प्रभावित हुआ । जानकारी मिलने पर नागदा मंडी एवं बिरला ग्राम पुलिस थाने की पुलिस के अलावा खाचरौद पुलिस को भी मौका स्थल पर पहुंचना पड़ा । काफी मसक्कत के बाद मामला शांत किया गया ।

# पेपर लीक मामले में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन,निप्र। एनएसयूआई ने शुक्रवार को पेपर लीक पर कड़ा कानून,छात्रवृत्ति पर लोकसेवा गारंटी, सबको शिक्षा सबको प्रवेश, छात्रसंघ चुनाव जैसे मुद्दों को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा जिलाध्यक्ष हिमांशु शर्मा के नेतृत्व में विक्रम विश्वविद्यालय में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नाम कुलगुरू प्रो.अखिलेश कुमार पाण्डेय विक्रम विवि को ज्ञापन सौंपा गया।**

श्री शर्मा ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि पेपर लीक होने की दशा में दोषियों को 20 वर्ष की जेल सजा व 10 करोड़ रुपए आर्थिक जुमार्ना का प्रावधान किया जाए,जिम्मेदारों की बर्खास्तगी व संस्थान की मान्यता तत्काल प्रभाव से समाप्त की जाएं,लोकसेवा गारंटी अधिनियम में समस्त छात्रवृत्तियां शामिल हो,छात्रवृत्ति भुगतान पर अधिकारियों के वेतन आहरण पर रोक फर्जी छात्रवृत्ति लेने वाले संस्थानों पर 50 करोड़ दंड का प्रावधान कर जेल भेजा जाए। साथ ही 3 लाख सालाना से कम आय वाले समस्त छात्रों को छात्रवृत्ति वितरण हो सके,सीट वृद्धि के साथ-साथ नये पाठ्यक्रम प्रारंभ हो।

एनईपी के अनुरूप पसंदीदा विषय लेने की छूट प्रदान की जाए। पुराने सिलेबस की जगह लागू हो रोजगार मूलक सिलेबस,अजा,अजजा वर्ग होस्टल की संख्या इसी सत्र में दोगुना व प्राध्यापकों के रिक्त पदों की अविलंब पूर्ति की जाए। इसी शिक्षा सत्र 2024-2025 के लिए अविलंब ही छात्र संघ के चुनाव की घोषणा की जाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन कराया जाए। प्रदर्शन के दौरान जिला उपाध्यक्ष मयंकसिंह राजपूत, विक्रम विवि अध्यक्ष तरुण परिहार,ज्योतिराज सिंह,लक्की शर्मा,अमन सोनी,तनीज जाट,दक्ष,अमन भरतरिया,गौतम,जयेश आदि उपस्थित थे।

## संपादकीय

# लापरवाही या उन्माद

इन दिनों फिर गोरक्षकों के उन्माद और गोरक्षा के नाम पर होने वाली भीड़ हिंसा को लेकर तीखे सवाल उठने शुरू हो गए हैं। हरियाणा के फरीदाबाद में गोतस्कर होने के शक में एक उन्नीस वर्षीय युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई। पूछा जा रहा है कि गोरक्षा के नाम पर किसी को जान से मार देने का हक आखिर इन रक्षकों को किसने दिया है। उन्हें शह और संरक्षण कहां से मिलता है। फरीदाबाद की घटना करीब दस दिन पुरानी है। इस संबंध में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने गलतफहमी की वजह से गोली चला दी। उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ गोतस्कर गाय ले जाने की योजना बना रहे हैं। उसी के आधार पर उन्होंने नजर रखनी शुरू की। जब उन्हें एक गाड़ी पर शक हुआ और उसे रोकने का प्रयास किया, तो वह और तेज दौड़ने लगी। इसलिए उन्होंने गोली चला दी और उसमें एक युवक मारा गया। इस घटना के बाद चरखी-दादरी में एक कचरा बीनने वाले व्यक्ति को इस शक के आधार पर जान से मार डाला गया कि वह गोमांस खा रहा था। कुछ दिनों पहले महाराष्ट्र में एक बुजुर्ग को कुछ युवकों ने गोमांस रखने के शक में बुरी तरह पीटा। गोतस्करी और गोमांस की बिक्री रोकने के लिए हिंसा की घटनाएं हरियाणा सहित कई राज्यों में बढ़ी हैं। राजस्थान, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में भी कई ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें गोतस्करी का आरोप लगा कर भीड़ या फिर गोरक्षा दल के सदस्यों ने कई लोगों को पीट-पीट कर मार डाला। कुछ घटनाएं, तो बहुत वीभत्स थीं, जिनमें हिंसा करने वालों ने तस्वीरें बना कर सार्वजनिक की। उनसे यही जाहिर हुआ कि गोरक्षा उनके लिए आस्था का नहीं, बल्कि उन्माद प्रदर्शन का मामला है। हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश आदि भाजपा शासित राज्यों में गोतस्करी, गोमांस की बिक्री आदि पर रोक है। इसके लिए कड़े कानून हैं। कुछ लोगों का कहना है कि गोरक्षकों को उन कानूनों से प्रोत्साहन मिलता है। गाय के प्रति उनमें आस्था है, इसलिए वे इस तरह गोतस्करी, गोमांस की बिक्री और उपभोग को बर्दाश्त नहीं कर पाते। गाय के प्रति किसी की आस्था और उसकी रक्षा पर शायद ही किसी को एतराज हो, मगर सवाल है कि इस आधार पर किसी को किसी की हत्या कर देने का अधिकार कैसे मिल सकता है। बहुत सारे लोगों की नाराजगी इस बात से है कि गोरक्षकों के उत्पात पर संबंधित राज्यों की पुलिस का रवैया न्यायपूर्ण नजर नहीं आता। सवाल है कि जिन राज्यों में गोरक्षा संबंधी कानून लागू हैं, वहां इसकी जिम्मेदारी पुलिस के बजाय गोरक्षा दल के लोगों को क्यों निभानी पड़ रही है। करीब पांच वर्ष पूर्व पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने इस बात पर हरियाणा पुलिस को कड़ी फटकार लगाई थी कि गोतस्करी के मामलों में दोष सिद्धि की दर इतनी कम क्यों है। जिन मामलों में गोतस्करी के नाम पर लोगों की हत्या कर दी गई, उनमें आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कोई उल्लेखनीय कार्रवाई की हो, ऐसा एक भी उदाहरण नजर नहीं आता। आखिर पुलिस किसी को कानून अपने हाथ में लेने की छूट कैसे दे सकती है। जाहिर है, पुलिस की इस शिथिलता और गोरक्षा के नाम पर हिंसा करने वालों के प्रति उसकी नरमी का ही नतीजा है कि ऐसे मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे।

# आज घर-घर पधारेंगे मंगलमूर्ति

## इस मुहूर्त में करें गणपति स्थापना

**आज गणेश चतुर्थी का महापर्व है। आज देशभर के पंडालों और घरों में गणपति बप्पा की स्थापना की जाएगी। हिंदू धर्म में गणेश चतुर्थी के पर्व का विशेष महत्व होता है। भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि खास होती है क्योंकि गणेश पुराण के अनुसार भगवान गणपति का जन्म भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि, चित्रा नक्षत्र और मध्याह्न काल में हुआ था। सनातन धर्म में भगवान गणेश की सबसे पहले पूजा की जाती है और हिंदू देवी-देवताओं में सबसे प्रसिद्ध और ज्यादा पूजे जाने वाले देवता हैं। भगवान गणेश के कई नाम हैं जैसे गणपित, लंबोदर, विनायक, गजानन सुखकर्ता और विन्हहर्ता आदि। शास्त्रों में कहा गया है कि भगवान गणेश की पूजा और स्थापना के लिए मध्याह्न काल सबसे अच्छा होता है। देशभर में गणेश उत्सव का पर्व 10 दिनों तक चलेगा और अनंत चतुर्दशी के दिन गणेश जी की मूर्ति को जल में विसर्जित करके विदाई दी जाएगी। इस वर्ष गणेश चतुर्थी पर बहुत ही अच्छा शुभ योग बन रहा है। आइए जानते हैं गणेश चतुर्थी का महत्व,मूर्ति स्थापना के लिए शुभ मुहूर्त, मंत्र और पूजा विधि समेत सभी महत्वपूर्ण जानकारी...**



### गणेश चतुर्थी शुभ योग 2024

इस बार गणेश चतुर्थी पर बहुत ही अच्छा और शुभ सुमुख नाम का संयोग बना हुआ है। सुमुख योग में भगवान गणेश की स्थापना और पूजा बहुत ही फलदायी मानी गई है। सुमुख नाम भगवान गणेश का एक नाम भी है। इसके अलावा आज गणेश चतुर्थी पर बुधादित्य, सर्वार्थसिद्धि और पारिजात योग बना हुआ है। इस संयोग में गणेश स्थापना बहुत सी शुभ माना जाता है।

### गणेश चतुर्थी तिथि 2024

हिंदू पंचांग के अनुसार भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी 06 सितंबर को दोपहर 3 बजकर 2 मिनट से शुरू हो गई है और इसका समापन 7 सितंबर को शाम 5 बजकर 38 मिनट पर होगा।

### गणपति स्थापना के लिए शुभ मुहूर्त

आज गणेश चतुर्थी की पूजा और मूर्ति स्थापना के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 11 बजकर 20 मिनट से शुरू हो रहा है। शास्त्रों में भगवान गणेश की पूजा और स्थापना के लिए दोपहर का समय सबसे शुभ माना गया है। ऐसे में आज अभिजीत मुहूर्त में गणपति की स्थापना के लिए सबसे अच्छा मुहूर्त होगा। आज अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 54 मिनट से शुरू होकर दोपहर 12 बजकर 44 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा आज गणपति जी की मूर्ति स्थापना तीन शुभ मुहूर्त में कर सकते हैं।

**सुबह- 8 से 9.30 तक**
**मध्याह्न काल-11.20 से 1.40 तक**
**दोपहर- 2 से शाम 5.30 तक**

### गणेश स्थापना पूजा विधि

आज से गौरीनंदन भगवान गणेश 10 दिनों तक घर-घर विराजेंगे। देशभर में बने गणपति जी भव्य पंडालों में अपने भक्तों को दर्शन देंगे। इसके अलावा गणेशजी की प्रतिमा की स्थापना लोग अपने घरों पर भी करते हैं। गणेश पुराण के अनुसार भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को मध्याह्न व्यापिनी में करने का विधान बताया गया है। सबसे पहले सूर्योदय से पहले उठकर अपने दैनिक क्रियाकर्म करके स्नान करते हुए साफ-सुथरे कपड़े पहनें। फिर घर के जिस स्थान पर बप्पा की मूर्ति को स्थापति करना है वहां पर साफ सफाई करते हुए आसन पर बैठे और गणेश की स्थापना का संकल्प लें। इसके बाद बप्पा की लाई गई मूर्ति के आंखों में बांधी गई लाल रंग की पट्टी को उतारते हुए षोडशोपचार विधि से भगवान गणेश का आवाहन करते हुए उनकी पूजा आरंभ कर दें। इसके बाद हाथ में गंगाजल, फूल और कुश लेते हुए गणेश जी के मंत्रों का जाप करते हुए भगवान गणेश को धूप ,दीप और पुष्प अर्पित करें। भगवान गणेश को मोदक बहुत ही प्रिय होता है ऐसे में उन्हें मोदक, दुर्वा, केले, मोतीचूर के लड्डू चढ़ाएं।

Manipur

# मणिपुर में ड्रोन देखे जाने से लोगों में दहशत, डर के मारे लोगों ने घरों की लाइटें बंद कीं

**इंफाल.** मणिपुर में हिंसा की घटनाएं फिर से बढ़ गई हैं और अब उग्रवादियों ने रॉकेट और ड्रोन्स से हमले शुरू कर दिए हैं। चुराचांदपुर से सटे बिष्णुपुर जिले में शुक्रवार को 10 घंटे के भीतर दो रॉकेट हमले हुए। अधिकारियों ने बताया कि बिष्णुपुर और इंफाल ईस्ट जिलों में शुक्रवार रात को कई ड्रोन उड़ते देखे गए। इससे लोगों में इतनी दहशत फैल गई कि लोगों ने अपने-अपने घरों की लाइटें बंद कर दीं।

हाल ही में इंफाल वेस्ट जिले में दो जगहों पर ड्रोन और बम से हमला किया गया। ड्रोन्स देखे जाने के बाद से मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के नारायणसेना, नाम्बोल कामोंग और इंफाल ईस्ट जिले के पुखाओ, दोलाईथाबी,



शांतिपुर इलाकों के लोग दहशत में हैं। हालात को देखते हुए सुरक्षाबल हाई अलर्ट पर हैं। बिष्णुपुर जिले में शुक्रवार रात को कई लाइटिंग राउंड फायर भी किए गए। इससे लोग डर गए और लोगों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। यह साफ नहीं हो पाया कि ये फायर सुरक्षा बलों ने किए या उग्रवादियों ने।

मणिपुर में ड्रोन का हथियार के रूप में इस्तेमाल पहली बार 1 सितंबर को इंफाल पश्चिम जिले के कोत्रुक गांव में देखा गया था। इस हमले में बंदूकों का भी इस्तेमाल किया गया था, जिसमें दो लोग मारे गए और नौ अन्य घायल हो गए। अगले दिन करीब तीन किलोमीटर दूर सेनजाम चिरांग में रिमोट से नियंत्रित छोटे उड़ने वाले उपकरण का फिर से इस्तेमाल किया गया, जिसमें तीन लोग घायल हो गए।

Jharkhand

## ट्रेन के टॉयलेट से रात को आने लगी चीखने की आवाज, पकड़ा गया पेंट्रीवाला; पोर्न दिखा महिला संग रेप की कोशिश



**चक्रधरपुर, (एजेंसी)** झारखंड में उत्कल एक्सप्रेस में पेंट्रीकार के कर्मचारी ने सफर कर रही दिव्यांग महिला यात्री के साथ अप्राकृतिक यौनाचार के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। आरोपी पेंट्रीकार के कर्मचारी रामजीत सिंह और पीड़िता को पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर में उतार जीआरपी थाना में पूछताछ की जा रही है। महिला के बयान पर चक्रधरपुर जीआरपी आगे की कार्रवाई कर रही है।

घटना पुरी-ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस(ट्रेन संख्या 18477) की कोच संख्या एस-3 के शौचालय में घटी है। आरोपी उत्तरप्रदेश के आगरा का रहने वाला है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं पीड़िता को बचाने वाले दो छात्र और एक छात्रा से मामले में पूछताछ की जा रही है।

पीड़िता के अनुसार, वह ओडिशा के नयागढ़ मायके आई थी। उत्तर प्रदेश के झांसी अपने 12 वर्षीय बेटे के साथ ससुराल लौट रही थी। वह ससुराल लौटने के लिए भुवनेश्वर में उत्कल एक्सप्रेस ट्रेन में सवार हुई थी। उसी कोच में चाईबासा की एक छात्रा सहित दो इंजीनियरिंग छात्र चक्रधरपुर आ रहे थे। सफर के दौरान दिव्यांग प्रमाणपत्र दिखाने पर टीटीई ने महिला को एस-3 कोच में रिक्त पड़े 23 नंबर लोअर बर्थ पर बैठने को कहा। वहीं, महिला का बेटा ऊपर वाले बर्थ पर सो रहा था। महिला अपने बर्थ पर बैठी थी, तभी पेंट्रीकार में मेसर्स रूप केटरर्स प्रालि. दिल्ली में वेंडर का काम करने वाले रामजीत सिंह (25 वर्ष) पिता मोहर सिंह बनियान पहने पहुंचा और दुष्कर्म का प्रयास

New Delhi

## जेल में कैदियों की मौत पर परिजनों को मिलेंगे 7.5 लाख! केजरीवाल सरकार का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** केजरीवाल सरकार ने दिल्ली की जेलों में अप्राकृतिक कारणों से मरने वाले कैदियों के परिजनों या उनके कानूनी वारिसों को 7.5 लाख रुपये का मुआवजा देने के फैसले को मंजूरी दे दी है। दिल्ली सरकार ने इस संबंध में उपराज्यपाल को उनकी मंजूरी के लिए एक प्रस्ताव भेजा है।

जेल में कैदियों के बीच झगड़े, जेल कर्मचारियों द्वारा पिटाई, यातना, जेल अधिकारियों द्वारा लापरवाही, या चिकित्सा या पैरामेडिकल अधिकारियों द्वारा लापरवाही के कारण अप्राकृतिक मौत के मामलों में यह मुआवजा दिया जाएगा। हालांकि, आत्महत्या के कारण अप्राकृतिक मृत्यु, जेल से भागने के प्रयास या जेल के बाहर वैध हिरासत से या प्राकृतिक मृत्यु, आपदा या आपदा के मामलों में मुआवजा स्वीकार्य नहीं होगा। इसके अलावा यह बीमारी से होने वाली मौतों पर भी लागू नहीं होगा।

एक बयान में दिल्ली के गृह विभाग के मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि दिल्ली सरकार को विश्वास है कि इस कदम से जेलों में सुधार होगा और किसी भी तरह की लापरवाही में कमी आएगी। एक

Jharkhand

## हाथी का था डर, सांप मचा गया कहर; एक साथ 4 बच्चों को डस लिया, झारखंड में दिल दहलाने वाली घटना

**गढ़वा, (एजेंसी)** झारखंड के गढ़वा जिले में एक करैत सांप ने कहर बरपा दिया। जिले के चिनिया थानांतर्गत चपकली गांव के नवानगर टोले में गुरुवार देर रात सर्पदंश से तीन बच्चों की मौत हो गई और चौथे की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उसका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। गांव में सर्पदंश से एक साथ तीन बच्चों की मौत से कोहराम मच गया है। मृतकों में सभी एक ही परिवार के बच्चे थे।

घटना के संबंध में मृतक बच्चों के परिजनों ने बताया कि इलाके में जंगली हाथियों का प्रकोप है। हाथियों के हमले से बचने के लिए परिवार के सभी सदस्य रात में एक ही साथ रह रहे थे। उनमें 8-10 बच्चे भी शामिल थे। सभी बच्चे एक साथ एक ही कमरे में जमीन पर सो रहे थे। रात करीब एक बजे उनमें से चार बच्चों को सांप ने डंस लिया।

घटना के बाद सभी बच्चों को झाड़फूंक के



लिए पास के गांव में ले गए। वहां दो बच्चों बंधु कोरवा के 15 वर्षीय पुत्र पन्ना लाल कोरवा और स्व रामलाल कोरवा की 8 वर्षीय पुत्री कंचन कुमारी ने दम तोड़ दिया। वहीं अस्पताल ले जाने के क्रम में धुरकी थानांतर्गत सूरज देव कोरवा की 9 वर्षीय बेटी बेगी कुमारी की मौत भी रास्ते में हो गई। वहीं उसकी ममेरी बहन छह वर्षीय राखी कुमारी इलाजरत है। सभी बच्चे अपने दादा-नाना रिझन कोरवा के घर पर एकत्रित होकर सो रहे थे।

खेल

# इरानी-वावसोरी को मिश्रित युगल का खिताब पेगुला-सबालेंका में होगा फाइनल मुकाबला

**न्यूयॉर्क।** सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी ने गुरुवार को टेलर टाउनसेंड और डोनाल्ड यंग को 7-6 (0), 7-5 से हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीता। इटली की अपनी साथी रोबर्टा विंची के साथ महिला युगल में करियर ग्रैंड स्लैम जीतने वाली इरानी का यह अपने करियर का पहला मिश्रित युगल खिताब है। उन्होंने पिछले महीने जैस्मीन पाओलिनी के साथ मिलकर पेरिस ओलंपिक खेलों में महिला युगल में स्वर्ण पदक जीता था।

बचपन के मित्र टाउनसेंड और यंग को अमेरिकी ओपन में इस साल वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया था। यंग पहले ही घोषणा कर चुके थे कि वह इस टूर्नामेंट के बाद टेनिस से संन्यास ले लेंगे। अमेरिका की जेसिका पेगुला ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में जगह बनाई



जहां उनका सामना आर्यना सबालेंका से होगा।

न्यूयॉर्क की 30 वर्षीय छठी वरीयता प्राप्त पेगुला ने करोलिना मुचोवा को 1-6, 6-4, 6-2 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। महिला एकल के एक अन्य सेमीफाइनल में पिछले साल की उपविजेता सबालेंका ने अमेरिका की एम्मा नवारो को 6-3, 7-6 (2) से हराया।

पेगुला की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्हें संघर्ष करना पड़ा। मुचोवा ने पहला सेट आसानी से 28 मिनट में जीता। उन्होंने पहले नौ गेम में से आठ में जीत हासिल की और दूसरे सेट में वह 3-0 से आगे थी लेकिन इसके बाद उनकी लय गड़बड़ा गई। पेगुला तब तक लय हासिल कर चुकी थी और उन्होंने इसके बाद अपनी प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया।

सिनेमा

## Border 2 में दिलजीत दोसांझ की एंट्री, बोले- पहली गोली दुश्मन चलाएगा, आखिरी गोली हम



सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर', बॉलीवुड की सबसे बड़ी हिट्स में से एक तो है ही. ये भारतीय सेना की कहानियों पर बनी सबसे पॉपुलर फिल्मों में से एक भी है. 'गदर 2' की तूफानी कामयाबी के बाद जब सनी देओल ने 'बॉर्डर 2' अनाउंस की, तभी से बॉलीवुड फैन्स के प्रोजेक्ट का इंतजार एक्साइटमेंट से कर रहे हैं. और अब इस फिल्म में एक ऐसा एक्टर आ गया है, जिसका नाम सुनकर फिल्म के लिए जनताकी एक्साइटमेंट डबल हो जाएगी.

इस साल कामयाबी की शानदार फॉर्म में चल रहे दिलजीत दोसांझ अब 'बॉर्डर 2' का हिस्सा बनने जा रहे हैं. इस धमाकेदार प्रोजेक्ट में दिलजीत भी सनी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश के लिए जंग लड़ते नजर आएंगे.

शुक्रवार को मेकर्स ने एक नए प्रोमो के साथ 'बॉर्डर 2' की कास्ट में दिलजीत की एंट्री अनाउंस की. प्रोमो में, सोनू निगम की आवाज में ऑरिजिनल 'बॉर्डर' फिल्म का गाना 'संदेसे आते हैं' सुनाई देता है और फिर दिलजीत का नाम लिखा आता है. इस प्रोमो में दिलजीत की आवाज में एक देशभक्ति से भरा डायलॉग भी है- 'इस देश की तरफ उठने वाली हर नजर झुक जाती है खौफ से... इन सरहदों पर जब गुरु के बाज पहरा देते हैं!'

## Highlights

1. Let us close the saga: Supreme Court on PIL for regulating exit polls
2. 3 'serial killers' befriend strangers, murder them with cyanide-laced drinks in Andhra
3. Improvised rocket launched by militants falls on 1st Manipur CM Koireng's house, 1 killed
4. Wolves more clever than the govt: UP minister amid rising attacks
5. Man suffers heart attack on seeing wife's dead body in Maha, dies

# OnlyFans owner makes $1 billion in three years from dividends




**NEW DEIHI, (Agency).** OnlyFans Ltd. paid owner Leonid Radvinsky $472 million in dividends last fiscal year, bringing his takings from the site to more than $1 billion in three years.

OnlyFans Ltd. paid owner Leonid Radvinsky $472 million in dividends last fiscal year, bringing his takings from the site to more than $1 billion in three years.

Radvinsky made $338 million in 2022 and $284 million the year before that, according to UK financial filings. The 42-year-old US citizen is the sole owner of OnlyFans' holding company, Fenix International Ltd.

The London-based company, which skyrocketed in popularity during Covid-19 lockdowns and has a reputation for hosting pornographic and adult content forbidden on most other social networks, has been building up its stable of comedians, chefs, personal trainers and other types of creators to widen its user base.

OnlyFans posted a profit of about $485.5 million in the year ending Nov. 30 2023, up 20% from the previous year, Fenix International said in a report published on Friday.

Revenue also rose about 20% from a year earlier to $1.3 billion, according to the report. The platform's total number of creators rose 29% to 4.1 million and users rose 28% to 305 million.

Radvinsky bought a majority stake in OnlyFans in 2018 from its British father-and-son founders Guy and Tim Stokely, who founded the site in 2016.

Born in the Ukrainian port city of Odesa, Radvinsky's family moved to Chicago when he was a child. He now lives in Florida, according to his website.

# Companies like Walmart and even the US Police department start using VR for workforce training

**NEW DEIHI, (Agency).** Large companies like Walmart, Volvo, and United Parcel Service (UPS), as well as financial firms and even police departments across the US are using virtual reality (VR) headsets for training their workforce on subjects like hardware maintenance, leadership and even empathy, according to a Wall Street Journal report.



This comes as virtual reality became properly available to consumers and enterprises only in the past 10 to 12 years, despite being around for decades, according to the report, which added that such headsets have become more affordable and less likely to give motion sickness.

The companies are creating their own VR content as well as outsourcing it from third parties. The headsets themselves are sourced from companies like Meta, HTC, Pico, Apple and Lenovo.

Though it is a six figure investment at minimum, it is still cheaper than traditional methods, the report quoted Gartner analyst Tuong Nguyen as saying.

How is virtual reality used in various organisations for training?

UPS uses VR to train drivers on topics like stacking packages and even handling dog attacks.

Walmart is using it to train employees on soft skills like showing empathy to frustrated customers.

# राजबाड़ा चौक में हुआ हरतालिका का रतजगा

## आतिशबाजी के बीच भजनों पर महिलाओं ने किए नृत्य, आसमान छूने लगा भक्ति का उत्साह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हरतालिका का रतजगा तो शुक्रवार को शहर के घर-घर में हुआ, लेकिन इसका सबसे ज्यादा उत्साह आधी रात को राजबाड़ा चौक में देखने को मिला। निर्जला व्रत के बावजूद यहां भजनों की स्वरलहरियों और आतिशबाजी के बीच महिलाओं और युवतियों की भक्ति का उत्साह उनके नृत्य में देखने को मिला। रात करीब पौने 12 बजे राजबाड़ा चौक लगभग भर गया था। म्हारा कीर्तन में रंग बरसाने महाराज गजानन आओ... भजन के साथ शुरुआत हुई। इस दौरान लोक संस्कृति मंच के अध्यक्ष सांसद शंकर लालवानी एवं संयोजक सतीश शर्मा ने फूल बरसाकर महिलाओं का उत्साह बढ़ाया। फिर एक से बढक़र एक भजन गूंजने लगे। राम आएंगे... और भोलेनाथ के भजनों के साथ ही देशभक्ति के तराने भी गूंजे।**

हर साल की तरह यह आयोजन किया लोक संस्कृति मंच ने। राजबाड़ा के जनता चौक में आयोजित इस भव्य भजन संध्या में शहर ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों में भी महिलाएं और युवतियां इसमें शामिल हुईं। गन्नू महाराज के साथ कई कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजनों की धुन पर देर रात तक युवतियां और महिलाएं नृत्य के माध्यम से भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना करती रही। ज्यादातर महिलाएं आधी रात की आरती के बाद टोलियों के रूप में राजबाड़ा चौक पहुंचीं। वैसे शहर में ही अन्य कई स्थानों पर भी रतजगा के आयोजन किए गए।

### महिला पुलिस ने संभाली यातायात व्यवस्था

राजबाड़ा पर रात्रि को मातृ शक्ति के भव्य रतजगा के आयोजन में यातायात व्यवस्था संभालने में महिला पुलिस ने मोर्चा संभाला मोर्चा। विशेष रूप से ट्रैफिक टीआई राजबाड़ा प्रभारी सीमा भंडारी मय स्टाफ के साथ तैनात थीं।

# तीज कार्यक्रम में राजबाड़ा पर महिलाओं से छेड़छाड़ 4 लडक़ों को पकड़ पुलिस के हवाले किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हरतालिका तीज पर राजबाड़ा पर 22वर्षों से हो रही भजन संध्या में शुक्रवार रात भी बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। देर रात करीब 12 बजे के आसपास चार वर्ग विशेष के युवक महिलाओं के बीच में पहुंचे। महिलाओं को गलत तरीके से टच करने की बात सामने आई।**

मौके पर मौजूद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इन्हें पकड़ा। नाम पूछने पर लडक़ों ने पहले हिन्दू नाम बताए। शंका होने पर जब उनसे आईडी कार्ड मांगा तो आनाकानी करने लगे। बाद में सभी ने सही नाम बताए। करीब 14 लडक़ों को पुलिस के हवाले किया गया। इसके बाद एसीपी हेमन्त चौहान ने तुरंत आयोजन में सिंगल युवकों की एंट्री बंद कर दी। केवल महिला के साथ आने वाले युवकों को ही अंदर जाने दिया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक